





# तार समाचार

जनवरी–मार्च 2019

The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited







# प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय साथियों,

वित्तीय वर्ष 2018-19 हमारे लिए उपलब्धियों भरा रहा। इस वर्ष हमने रॉड मिल में सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन किया तथा सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का रिकॉर्ड भी बनाया। वायर मिल में भी हमने सर्वाधिक GI वायर का उत्पादन किया। सिंगल LR तथा बाइंडिंग वायर के उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया। इलेक्ट्रोड व्यापार में ”टाटा एग्रिको“ के साथ स्पेशल इलेक्ट्रोड के वितरण के लिए समझौता किया तथा सामान्य इलेक्ट्रोड के लिए ”टाटा स्टील“ के साथ भी हमने एक समझौता किया जिससे इलेक्ट्रोड व्यापार में और बढ़ोत्तरी की जा सकेगी। नेल व्यापार में भी हमने वर्ष का सर्वाधिक उत्पादन किया। इन सभी उपलब्धियों के लिए मैं ISWP के कर्मचारियों, ठेका कर्मचारियों और अपने सहयोगियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।

इसके अतिरिक्त हमने मानव संसाधन, सुरक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आशा के अनुरूप प्रदर्शन किया। रोड सुरक्षा के क्षेत्र में ISWP देश की पहली ऐसी कंपनी है जिसे ISO 39001 से सम्मानित किया गया। बिजनेस एक्सीलेंस के क्षेत्र में भी हमने TBEM में 551 अंक प्राप्त कर ''एमर्जिंग इंडस्ट्री लीडर“ के रूप में अपनी पहचान बनाई है। साथियों यह उपलब्धियाँ हमें गौरान्वित करती है। मैं इस अवसर पर ISWP परिवार के सभी सदस्यों को धन्यवाद् करता हूँ।

वित्तीय वर्ष 2019 -20 में हमें अपने इस प्रदर्शन को बनाये रखते हुए नए कीर्तिमान बनाना है। मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है की ISWP परिवार के सभी सदस्य जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा और उत्कृष्ट प्रदर्शन की जरिये कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकेंगे।

इस संदेश के अंत में मैं पुनः आप सभी से सुरक्षा, पर्यावरण और अपने आस-पास के स्थान में सफाई पर विशेष ध्यान रखने का आवाहन करते हुए नए वित्तीय वर्ष की शुभकामनाए देता हूँ।

शुभेच्छाओं के साथ

## नव वर्ष में केक कटिंग

1 जनवरी का स्वागत नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य, नए आईडियाज के साथ किया जाता है। इसी उमंग के साथ आई.एस.डब्ल्यू.पी एवं जेम्को परिसर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में केक कटिंग समारोह का आयोजन 01.01.2019 को किया गया जिसमे प्रबंध निदेशक नीरज कांत, वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन के अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, डेप्यूटी प्रेसिडेंट श्री श्रीकांत सिंह, यूनियन सचिव श्री पंकज सिंह एवं जेम्को वर्कर यूनियन सचिव अमित सरकार ने यूनियन सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ केक काट नव वर्ष का स्वागत किया।




## 70वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

26 जनवरी सन 1950 को हमारे देश को पूर्ण स्वायत्त गणराज्य घोषित किया गया था और इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। 70 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल के प्रबंध निदेशक की अनुपस्थिति में श्री उमा नाथ मिश्रा (वी.पी – फाइनांस एवं कमर्शियल) द्वारा कंपनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक आरोहण किया गया।





## उड़ान टीम की गतिविधियाँ

### लेडीज डे आउट

महिलाओं में क्षमता असीम है बस आवश्यकता है महिलाओं को अपनी निजी स्वतंत्रता और स्वयं के फैसले लेने के लिये प्रोत्साहित करना। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए कंपनी में 'उड़ान' टीम का गठन किया गया है। जिसके अंतर्गत महिला कर्मचारियों को उनके जीवन एवं कार्य में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। 25 जनवरी 2018 को ऑफिसर क्लब में महिला कर्मचारियों के लिए 'लेडीज डे आउट' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों में सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को कंपनी वी.पी श्री उमा नाथ मिश्रा एवं श्री जे.के.सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।



## पोटेस्ट ईटीएम

13 फरबरी 2019 को "इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट" (ISTD) द्वारा आई.एस.डब्ल्यू.पी नॉलेज सेण्टर में महिला कर्मचारियों के लिए ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। श्रीमती जैसमीन ने 'पोटेस्ट ईटीएम उड़ान' के अंतर्गत प्रशिक्षित किया , इसमें 'कार्य/घर में संतुलन करना, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, स्वयं को सशक्त बनाना' आदि विषयों पर चर्चा की गई।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




8 मार्च को सम्पूर्ण विश्व में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस सन्दर्भ में आई.एस. डब्ल्यू.पी में महिला दिवस का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत कर्मचारियों ने पोटका स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका बिद्यालय में जाकर वहां की छात्राओं को अपने सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अंत में सामान्य ज्ञान संबधी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## मैनेजमेंट ओलंपियाड

आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (AIMA) एवं जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (JMA) द्वारा मैनेजमेंट ओलंपियाड का आयोजन 15-16 मार्च 2019 को सेंटर फॉर एक्सीलेन्स में किया गया। जिसमे आई.एस.डब्ल्यू.पी की टीम ने अन्य कंपनियों से आये 100 टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेकर कंपनी को गौरान्वित किया। प्रतिस्पर्धा में विजयी टीमों का विवरण निम्नलिखित है:

**पोस्टर मेकिंग**
शिवांगी किरण एवं पिंकी कुमारी
"प्रथम"

**मानव संसाधन क्विज**
शिवांगी किरण एवं पिंकी कुमारी
"तृतीय"

**केस स्टडी (एच.आर नेक्स्ट):**
पिंकी कुमारी एवं शिवांगी किरण
"द्वितीय"

**केस स्टडी (डिजिटल दुनिया):**
दिव्य प्रकाश एवं पिंकी कुमारी
"तृतीय"

**इस कार्यक्रम में HR विभाग की सुश्री पिंकी कुमारी को बेहतर प्रदर्शन के लिए जे.एम.ए. द्वारा 'मिस यंग लीडर 2019' से पुरस्कृत किया गया।**





# 10वां एंटरप्राइज झारखण्ड 2019

भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से झारखंड सरकार ने राज्य के सबसे बड़े औद्योगिक और उपभोक्ता प्रदर्शनी - एंटरप्राइज झारखंड के 10 वें संस्करण का आयोजन 15-18 मार्च 2019 तक गोपाल मैदान, जमशेदपुर में किया । एंटरप्राइज झारखंड 2019 का आयोजन झारखंड में उद्यमियों के लिए उत्पाद प्रदर्शन और विज्ञापन, उद्योग से संबंधित जानकारी, केंद्रित व्यावसायिक प्रस्तुतियों और चर्चाओं, उद्योग और आपूर्तिकर्ताओं के बीच नेटवर्किंग, नए विकास और तकनीकी नवाचार, लाइव प्रदर्शन, उपयोगकर्ताओं और सहभागिता के बीच अवसरों को अधिकतम करने के उद्देश्य से किया गया था।




10 वें उद्यम झारखंड 2019 के उद्घाटन समारोह को अनुग्रह और संबोधित करने के लिए,श्री तौफिक हसन (हाई कमिशनर ऑफ बांग्लादेश), श्री जहा लियाओ **(Zha Liyou)** (कांसुलेट जनरल ऑफ चीन) आई.एस.डब्ल्यू.पी.के प्रबंध निदेशक एवं **CII Jharkhand Chapter** के चेयरमैन श्री नीरज कांत उपस्थित थे।

चार दिनों की प्रदर्शनी में आई.एस.डब्ल्यू.पी ने भी भाग लिया, जिसमे ISWP में निर्मित उत्पादों की अपनी विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित किया । उत्पादों के प्रदर्शन में टीएमटी बार्स, वायर रॉड्स, स्पार्क नेल, स्पार्क MIG वायर, स्पार्क इलेक्ट्रोड, बार्बेड वायर, GI वायर, बाइंडिंग वायर और अन्य उत्पाद शामिल थे। हमने अपने संगठन के मूल्यों और 'स्केलिंग न्यू हाइट्स' की हमारी संस्कृति को मजबूत करने के लिए की गई विभिन्न पहलों को भी प्रदर्शित किया। बूथ के समग्र दृष्टिकोण और डिजाइन को प्रतिनिधियों ने सराहा।

## डिजिटल रेफ्रेक्टोमीटर का उद्घाटन

आई.एस.डब्ल्यू.पी हॉस्पिटल में आँखों की जाँच के लिए एक नए डिजिटल रेफ्रेक्टोमीटर का उद्घाटन 26 मार्च 2019 को प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा किया गया।



## स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ

एच.आर. पहल के तहत ऑफिसरों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान करने पर उन्हें उस माह ''स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ'' घोषित किया जाता है। इसके अंतर्गत श्री सौमेंदु राय (वायर मिल) को मार्च माह के लिए प्रबंध निदेशक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# ISWP स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की उपलब्धियां

## कमोलिका बारी ने फिर किया गौरवान्वित

कमोलिका बारी ने 2012 में, 11 वर्ष की उम्र में आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स से अपने खेल जीवन की शुरुआत की। उन्होंने ढाका में आयोजित अंडर 17 विश्व रैंकिंग प्रतियोगिता में अपने हुनर का लोहा मनवाया एवं कमोलिका को मिक्स डबल में पहला स्थान, टीम इवेंट में दूसरा स्थान एवं व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही 22 से 28 अप्रैल 2019 तक पहले वर्ल्ड कप चैंपियनशिप (सीनीअर) के लिए चुनी गई भारतीय टीम में भी अपना स्थान दर्ज कराया है।



## सानिया शर्मा एक और उभरता हुआ तीरंदाज



सानिया शर्मा को ढाका में (22 से 25 फरवरी 2019) आयोजित अंडर 17 विश्व रैंकिंग प्रतियोगिता में नौवां स्थान प्राप्त हुआ। 2012 में, 9 साल की उम्र में आई.एस.डब्ल्यू.पी. स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से उसने तीरंदाजी के क्षेत्र में कदम रखा। 2016 में उसका चयन टाटा आर्चरी अकादमी में हुआ।

# टाटा अफरमेटिव एक्शन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आई .एस.डब्ल्यू.पी के द्वारा टाटा अफरमेटिव एक्सन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो का मुल्यांकन किया गया। टाटा बिसनेस एक्सीलेंस ग्रुप द्वारा यह मुल्यांकन पांच सर्टिफाइड असेसर के टीम के द्वारा 25 फरवरी –1 मार्च 2019 तक किया गया।

असेसर की टीम ने ज्ञानोदय प्रीनर्सरी स्कूल, जेम्को, आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, इंडो डैनिश टूल रूम एवं के.जी.बी.वी. पोटका का भी दौरा किया। उन्होंने आई.एस.डब्ल्यू.पी के द्वारा किये जाने वाले कार्यो को देखा, जाना और परखा। इस सम्बन्ध में उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीयों से लेकर कर्मचारियों तक से बात की। इस मूल्यांकन के बाद कम्पनी को दो बैंड का जम्प मिला है यह टीम वर्क का एक बेहतरीन उदाहरण है।



## यूनियन ऑफिस में रक्त दान शिविर

यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2019 को यूनियन ऑफिस में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 97 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।



## 180वें संस्थापक दिवस का समारोह

मार्च को सम्पूर्ण जमशेदपुर के लिए एक महत्वपूर्ण दिन होता है क्योंकि शहर केवल इस महान व्यक्तित्व के कारण मौजूद है। संस्थापक दिवस के अवसर पर टाटा स्टील द्वारा आयोजित भव्य परेड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आई.एस.डब्ल्यू.पी. की टीम ने हिस्सा लिया। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कान्त ने टीम की अगुआई की एवं टाटा स्टील के संस्थापक श्री जे.एन. टाटा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसमें कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के बच्चों का सुसज्जित एवं शानदार बैंड भी शामिल हुआ था जो सभी के आकर्षण का केंद्र था एवं इस बैंड को सर्वश्रेष्ठ बैंड घोषित किया गया। सर्वाधिक महिला कर्मचारियों द्वारा भाग लिए जाने पर हमारी कंपनी को पुरस्कृत किया गया।



टाटा स्टील में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया प्रबंध निदेशक द्वारा हौसला जाहिर करते हुए स्वयं प्रतियोगिता में भाग लिया।







## खेल-कूद

टाटा स्टील में 3 - 4 जनवरी 2019 को इंटर डिविजनल प्रतियोगिता का आयोजन जे.आर.डी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में किया गया जिसमे टग ऑफ वॉर एवं रिले रेस में आई एस.डब्ल्यू.पी की टीम ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।





# पार्टनर मीट 2019 का आयोजन

कंपनी एवं पार्टनर के बीच के सम्बन्ध को और सुदृड़ बनाने के उद्देश्य से प्रोक्योरमेंट विभाग द्वारा 'पार्टनर मीट' का आयोजन 29 मार्च 2019 को किया गया, इसका थीम 'पार्टनरिंग फॉर म्युचअल प्रोग्रेस एंड प्रोस्पेरिटी' था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत थे। इस कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, प्रोक्योरमेंट टीम, एवं जमशेदपुर सहित विभिन्न शहरों से हमारे पार्टनर सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण सीनियर जी.एम् – प्रोक्योरमेंट एवं पि.यू.सी श्री विजयंत कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सभी को कंपनी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। प्रबंध निदेशक ने अपने भाषण में 'लॉन्ग टर्म रिलेशनशिप' पर जोर दिया एवं कहा कि पार्टनर कंपनी की प्रगति एवं सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कार्यक्रम के दौरान आई.एस.डब्ल्यू.पी. के वरिष्ठ अधिकारी की जूरी टीम द्वारा विभिन्न मापदंड पर रेटिंग कर पार्टनरस को 18 श्रेणियों में पुरष्कृत किया गया।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वी.पी फाइनांस एकाउंट्स और कमर्शियल श्री उमा नाथ मिश्रा द्वारा दिया गया। उन्होंने पार्टनर द्वारा दिए गए सुझाव एवं विचार को स्वीकार करते हुए उस पर कार्य करने का आश्वासन दिया एवं प्रोक्योरमेंट टीम को सफलतापूर्ण आयोजन के लिए सराहा।













## 33KV पावर प्रोजेक्ट का उद्घाटन

**ISWP** के विस्तारीकरण के लिए उपलब्ध विद्युत क्षमता को बढ़ाने हेतु विद्युत विस्तारीकरण परियोजना का उद्घाटन **15 Feb '19** को प्रबंध निदेशक श्री नीरजकांत द्वारा किया गया। इस अवसर पर **VP (Engg. & Project)** श्री इन्द्रजीत नंदी ने प्रोजेक्ट के प्लान को सभी से साझा किया। इस विस्तारीकरण से **ISWP** में विद्युत क्षमता **8MVA** से बढ़कर **14MVA** हो जाएगी।





## संकल्प 22

आई.एस.डब्ल्यू.पी के विजन (2020 तक 22% **ROIC** हासिल करना) के उदेश्य की प्राप्ति के लिए 'संकल्प 22' नामक पहल की शुरुआत जून 2017 से की गई। लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि के लिए वर्तमान में 12 टीमें कार्य कर रही है। इस पहल में हमें टाटा स्टील के GIM विभाग के अधिकारीयों द्वारा सहयोग एवं मार्गदर्शन भी मिलता है, हमारे प्रबंध निदेशक ने संकल्प पहल के द्वारा हो रहे अच्छे कार्यो को बिजनेस के सभी क्षेत्रों में लागु करने की दिशा निर्देशक भी दिया है जिसमे TQM विभाग ने कार्य करना शुरू कर दिया है। विभिन्न टीमों के कार्यो की समीक्षा प्रति माह प्रबंध निदेशक द्वारा किया जाता है।

''संकल्प 22'' के अंतर्गत जिन प्रोजेक्ट को लिया गया है वो निम्नलिखित है :

1. जिंक की खपत में कमी
2. LPG की खपत में कमी
3. बिजली की खपत में कमी
4. फर्नेस आयल की खपत में कमी
5. कोयल में कमी
6. सेट अप लॉस में कमी
7. प्रिंटिंग सामग्री में कमी
8. पैड की लागत में कमी
9. वायर ड्राइंग लुब्रिकेंट्स में कमी
10. वायर ब्रेकेज में कमी
11. स्क्रैप की उत्पत्ति में कमी, यील्ड इम्प्रोवेमेंट एवं वैल्यू एडिसन
12. वायर ड्राइंग मशीन में पी.एम. टाइम को कम करना





# सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियां

***"सुरक्षा कर्तव्य है हमारा, सुरक्षित हो कार्य हमारा।***
***सुरक्षा का धर्म निभाना, सुरक्षित रोज घर जाना।"***

- आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. सदैव सुरक्षा के प्रति सजग रहता है एवं सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता मानते हुए कंपनी में रोड ट्राफिक सेफ्टी मैनेजमेंट (RTSMS ISO 39001.2012) के तहत 21 से 22 फरवरी 2019 तक बी.आई.एस के ऑडिटर द्वारा कंपनी के प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया जिसमें हमारी कंपनी आई.एस.डब्ल्यू.पी भारत की पहली ऐसी कंपनी है जिसे लाइसेंस प्राप्त हुआ है।
- आई.एस.डब्ल्यू.पी एल में 30 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह 4 -10 फरवरी 2019 को मनाया गया। कंपनी कर्मचारियों, एवं ठेका कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा संबधी जागरूकता सत्र एवं क्विज का आयोजन किया गया। साथ ही राम कृष्ण मिशन लेडी इंडर सिंह हाई स्कूल के छात्रों को भी जागृत किया गया।
- 4 मार्च 1966 को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई थी। प्रत्येक वर्ष इस दिन को आई.एस.डब्ल्यू.पी.में ध्वज आरोहण कर राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मार्च का महीना सुरक्षा माह के रूप में मनाया जाता है और पूरे माह कंपनी के कर्मचारी एवं कंपनी से जुड़े ठेका कर्मचारी के लिए विभिन्न प्रतियोगिता एवं जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।
- खतरों की पहचान - 4 का उद्घाटन 4 मार्च को कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा किया गया, जिसकी आखिरी तिथि 30 अप्रैल 2019 है। इसके तहत कर्मचारी सुरक्षा से सम्बंधित सुझाव देते है। "Find it, Own it, Fix it" इस प्रतियोगिता का थीम होता है आई.एस.डब्लू पी के इस अनोखे प्रयास को टाटा ग्रुप के EDGE पोर्टल में भी सराहा गया है।












## मार्च माह में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची निम्नलिखित है :

| स. | | विजेता का नाम | श्रेणी | स. | | विजेता का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्विज प्रतियोगिता** | | | | | | | |
| 1 | रॉड मिल | यशपाल सिंह | प्रथम | 1 | वायर मिल | निरंजन सिंह | प्रथम |
| 2 | | सागेर अहमद | प्रथम | 2 | | चन्दन कुमार | द्वितीय |
| 3 | | बीरेंद्र गिरी | द्वितीय | 3 | | विजय सिंह | द्वितीय |
| 4 | | राम रतन राइ | द्वितीय | 4 | | एन.सतीश | तृतीया |
| 5 | | सुनील सिंह | तृतीया | 5 | | मंजीत सिंह | तृतीया |
| | | | | | | | |
| 1 | जेम्को | शैलेन्द्र त्रिपाठी | प्रथम | 1 | जनरल सर्विसेज | प्रीति कुमारी | प्रथम |
| 2 | | जोय प्रमाणिक | द्वितीय | 2 | | जगजीत कौर | द्वितीय |
| 3 | | जीतेन्द्र कुमार सिंह | तृतीया | 3 | | ए.के श्रीवास्तव | तृतीया |
| | | | | 4 | | मिनती पांडा | तृतीया |
| | | | | | | | |
| 1 | ISWP कांट्रेक्टर | पियूष कुमार | प्रथम | | जेम्को कांट्रेक्टर | | |
| 2 | | रश्मि माझी | द्वितीय | 1 | | उत्तम कुमार दत्ता | प्रथम |
| 3 | | बिनोद गोपी | द्वितीय | 2 | | निशांत यादव | द्वितीय |
| 4 | | उत्तम पाल | तृतीया | 3 | | शशिकांत कुमार | तृतीया |
| 5 | | श्याम टुडू | तृतीया | | | | |
| **PPEs प्रतियोगिता** | | | | | | | |
| 1 | ISWP कांट्रेक्टर | देबाशीष रॉय | प्रथम | 1 | जेम्को कांट्रेक्टर | समय सरदार | प्रथम |
| 2 | | दिनेश महतो | द्वितीय | 2 | | राकेश शर्मा | द्वितीय |
| 3 | | निरंजन पोद्दार | द्वितीय | 3 | | डोमन हांसदा | तृतीया |
| 4 | | सिकंदर | तृतीया | 4 | | सोमय सरदार | तृतीया |
| 5 | | निति लोहार | तृतीया | 5 | | गजेंद्र कुमार मिश्रा | तृतीया |
| 6 | | सिकंदर राइ | तृतीया | 6 | | जीतल कर्मकार | तृतीया |
| **सेफ्टी स्किट** | | | | | | | |
| 1 | जेम्को | काबेरी सर्कार | प्रथम | 1 | ISWP | पांडव प्रधान | द्वितीय |
| 2 | | महामाया दत्ता | प्रथम | 2 | | रोहित कुमार | द्वितीय |
| 3 | | शम्भू नाथ कुमार | प्रथम | 3 | | निर्भय कुमार | द्वितीय |
| 4 | | रविंदर सिंह | प्रथम | 4 | | निरोशा कुमारी | द्वितीय |
| 5 | | काजल कुमारी | प्रथम | 5 | | पिंकी कुमारी | द्वितीय |
| 6 | | रंजन रॉय | प्रथम | 6 | | एकता सिंह श्रीनेत | द्वितीय |
| 7 | | सुब्रतो बोस | प्रथम | 7 | | दीपनारायण ठाकुर | द्वितीय |
| 8 | | शिल्पी | प्रथम | 8 | | सोनम प्रसाद | द्वितीय |
| 9 | | गुरमुख सिंह | प्रथम | | | | |
| | | | | | | | |
| 1 | सेफ्टी स्लोगन | सुजाता मित्रा | प्रथम | 1 | बेस्ट MOC | अमित कुमार | प्रथम |
| 2 | | अमरेंद्र सिंह | द्वितीय | 2 | | नरेश पाल | द्वितीय |
| 3 | | पिंकी कुमारी | तृतीया | 3 | | रीना कुमारी | तृतीया |


5 Steps to
FOOD SAFETY
1
Be Clean, Be Healthy
Wash hand when necessary
Do not work with food if you are ill
Never touch ready-to-eat food with bare hands
2
Keep It Cool, Keep it Hot
41°F 5°C
Keep cold foods at 41°F / 5°C or below
140°F 60°C
Keep hot foods at 140°F / 60°C or above
3
Don't Cross-Contaminate
Don't store raw foods over cooked or ready-to-eat foods.
Never prepare ready-to-eat foods on the same surface or with the same utensils used to prepare raw animal proteins.
4
Wash, Rinse, & Sanitize
1. Wash
2. Rinse
3. Sanitize
Properly wash, rinse and sanitize all food contact utensils and equipment
5
Cook It & Chill It
Cook food until it reaches a proper internal temperature.
41°F 5°C
Rapidly cool food to 41°F / 5°C or below.


HEALTH BENEFITS OF
WALKING DAILY
Helps in weight loss
Improves heart health
Reduces chronic diseases
Prevents cancer
Delays ageing
Lowers blood pressure
Reduces stroke risk in women
Decreases diabetes risk
Increases lung capacity
Sugar cravings are lowered
Improves mood
Prevents disability in old age
Improves varicose veins
Boosts immunity
Speeds up digestion
Reduces dementia risk


SAVE WATER, IT DOESN'T GROW ON TREES